# नगर पालिका परिषद लोनी

## ई-पत्रिका



**Nagar Palika Parishad Loni**

**माह:जुलाई 2025**

# नगर पालिका परिषद लोनी



**श्री के के मिश्रा**

अधिशासी अधिकारी



**रंजीता धामा**

अध्यक्ष


नगर पालिका परिषद् लोनी जुलाई 2025 के ई-पत्रिका लोनी दर्पण में स्वागत है। जुलाई माह में हुये विकास कार्यों को ई-पत्रिका लोनी दर्पण के माध्यम से आप सब तक पहुँचाना चाहते हैं जिससे लोनी नगर पालिका परिषद् के विकास और नई योजनाओं से लाभन्वित हो सके। नगर पालिका परिषद् लोनी का एक मात्र उददेष्य नगर पालिका का विकास है जिसमें बिना भेद-भाव, सभी समुदायों के लोगों को एकसाथ लेकर आगे बढ़ने का उददेष्य है जिसके लिए नगर पालिका परिषद् के निवासियों को इसमें सहयोग महत्वपूर्ण है। और नगर पालिका इसका उम्मीद करता है। नगरवासियों से अपील है कि नगर स्वच्छ और सुन्दर बनाने में नगर पालिका की मदद करे। अपने आस-पास साफ-सुथरा रखे। कूड़ा-कचरा डस्टबिन में डाले, गन्दगी न फैलाये। आने वाला कल अच्छा हो इसके लिए आज बेहतर बनायें।।

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

I am happy to present the July 2025 issue to all of you. Several projects have been commissioned in the month of July . The former will help smoothen the flow of traffic, reduce the travel time of citizens, ease the congestion, and reduce pollution on nagar road. There have been a lot of lessons to learn and these insights will certainly stand in good stead with us in our endeavors in the future. The one thing that stands out is the most active participation of citizens. We, the residents of the Nagar Palika Parishad Loni respective of age, castes, creeds, religions, and localities have untidily participated in the creation of the Loni Swachh Nagar Palika Parishad proposal. As I look into the future with great expectation, it is this one aspect of the municipality that gives me the greatest hope. We in the Nagar Palika Parishad Loni would be very happy to receive your feedback on all matters that you feel are important.

# मुहर्रम





**नहीं देखा कहीं ऐसा सब्र, ऐसी वफा, ऐसा इमां,**
**कर्बला की जमीन गवाह है, हुसैन हैं इस्लाम की जान।**
**जो प्यासे रहकर भी अल्लाह से शिकायत ना करे,**
**ऐसी शख्सियत को हुसैन इब्ने अली कहते हैं।**

# गुरु पूर्णिमा



हर मुश्किल में जब भी डगमगाए कदम, गुरु ने थामा हाथ और दिखाया सही पथ।
गुरु का सान्निध्य है सबसे बड़ा वरदान, उनके आशीर्वाद से ही मिलता है सच्चा ज्ञान।
गुरु पूर्णिमा की मंगलकामनाएं!

# तुलसीदास जयंती




तुलसी के शब्दों में बसी है राम की महिमा,
उनकी रचनाओं में छुपा है भक्ति का चरित्र दर्पण।
रामचरितमानस की गूंज से रौशन हुआ संसार,
तुलसीदास की वाणी में बसी है प्रेम की अमृत धारा।

# समाचार

कार्यालय कर्मचारी एवं स्कूली बच्चों द्वारा वृक्षारोपण किया गया



# नगर लोनी संचारी रोग अभियान का कार्प्र प्रगति पर है






नगर लोनी वृक्षारोपण के महा अभियान में पालिका के विभिन्न वार्डों में वृक्षारोपण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है





नगर लोनी संचारी के महा अभियान में पालिका के विभिन्न वार्डों में संचारी रोग अभियान को युद्ध स्तर पर किया जा रहा है







नगर लोनी संचारी के महा अभियान में पालिका के विभिन्न वार्डों में संचारी रोग अभियान को युद्ध स्तर पर किया जा रहा है







स्वच्छ प्रणाम उत्तर प्रदेश
Just as a tiny seed blossoms into a thriving plant, remember that every great achievement begins with small, consistent steps.
sbm_up
स्वच्छ भारत मिशन -नगरीय
Toll Free No. : 1533/ 1800-1800-101

# 50 हजार से एक लाख की आबादी वाले शहरों में मुरादनगर सबसे साफ

- नार्थ जोन की लघु श्रेणी में सबसे साफ नगर का मिला तमगा
- अपनी श्रेणी में सबसे साफ होने पर भी प्रदेश की रैंकिंग में गिरावट

संवाद सहयोगी, जागरण • मुरादनगर: मुरादनगर नगरपालिका ने उपलब्धि दर्ज कर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में नार्थ जोन में 50 हजार से एक लाख तक की आबादी वाले नगरों में सबसे साफ नगर चुना गया। नगरपालिका की उपलब्धि पर अधिशासी अधिकारी और चेयरमैन ने खुशी जताई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-2025 की लिस्ट बृहस्पतिवार शाम को जारी हुई। इसमें 50 हजार से एक लाख तक की आबादी वाले नगरों की श्रेणी में मुरादनगर को सबसे साफ शहर चुना गया। बृहस्पतिवार शाम को सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी होते ही लोगों ने मुरादनगर के चेयरपर्सन छाया चौधरी व अधिशासी अधिकारी डा शैलेंद्र सिंह को बधाई दी। हालांकि सबसे साफ शहर चुने जाने के बाद भी नगरपालिका की राष्ट्रीय रैंकिंग में गिरावट दर्ज हुई है। गत वर्ष की 294 की तुलना में इस बार नगर 311वें नंबर पर रहा। इसके अलावा राज्य में भी नगरपालिका 325 नंबर पर रही।

**सालिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट व मैटीरियल रिकवरी फैसिलिटी से सुधरी दशा** : नगरपालिका ने इसी वर्ष गंगनहर के सालिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट शुरू किया गया है। इसमें जमा किए कचरे का सही प्रकार से निस्तारण किया जाता है। इसके अलावा पाइपलाइन मार्ग पर भी मैटीरियल रिकवरी फैसिलिटी लगाई है। उक्त फैसिलिटी में जमा कचरे में से जरूरी अवयव जैसे धातु, प्लास्टिक, कागज, कपड़े आदि को अलग किया जाता है। ऐसे मिले अवयव को रिसाइकिल कर उनको दोबारा इस्तेमाल में लिया जाता है।

> नार्थ जोन की लघु श्रेणी में सबसे साफ नगर का तमगा मिलना निश्चित तौर पर अहम उपलब्धि है। नगरपालिका ने वर्तमान सत्र में सालिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट व मैटीरियल रिकवरी फैसिलिटी को शुरू कराया। इसका असर नगर की स्वच्छता पर भी पड़ा। इससे भविष्य में और मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी।
> -डा. शैलेंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका, मुरादनगर

## स्वच्छता सर्वेक्षण में लोनी नगर पालिका ने किया सुधार, प्रदेश में 14वीं रैंक पाई

संवाद सहयोगी, लोनी: स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट 2024-25 में लोनी नगर पालिका की रैंकिंग में सुधार हुआ है। तीन से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में पिछले सर्वेक्षण में लोनी नगर पालिका का प्रदेश में 43वां स्थान था, जो अब 14वें स्थान पर आ गया है। अधिकारियों का दावा है लोनी नगर पालिका ने सार्वजनिक शौचालयों की उपयोगिता को बेहतर कर खुले में शौच से शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व निस्तारण में पहले से बेहतर कार्य किए हैं।

शासन स्तर से नगर निगम, नगर पालिकाओं व नगर पंचायत की स्वच्छता रैंकिंग बृहस्पतिवार को जारी कर दी गई है। यह रैंकिंग नगर पालिकाओं में 2024-2025 में हुए कार्यों के आधार पर जारी की गई है। लोनी नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कृष्ण कांत मिश्रा ने बताया कि इस बार के सर्वेक्षण में पालिका को 14वां स्थान आया है। इस वर्ष लोनी नगर पालिका में कई और सुधार किए गए हैं।

### खोड़ा मकनपुर नगरपालिका को मिला 221वां स्थान

स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट में खोड़ा नगर पालिका को प्रदेश में 221वां स्थान मिला है। जबकि स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट 2023-24 में खोड़ा नगर पालिका 28वें स्थान पर रही थी। पालिका के अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार का दावा है रैंकिंग जरूर बढ़ी है, लेकिन स्कोर में सुधार हुआ है। बीते वर्ष जनसंख्या के हिसाब से रैंकिंग थी। इस बार ओवरआल जारी की गई है। बताया कि देश में 252वां स्थान है।

# ...आर के शहरों के लिए रोल माडल नोएडा

> शिखर पर पहुंचकर उसे बरकरार रखना कठिन चुनौती होता है। सतत्‌ इसके लिए कड़ी मेहनत की। अधिकारी और कर्मचारी लगातार सड़कों पर उतरकर कार्य करते हैं। इंटरनेट मीडिया से प्राप्त शिकायतों पर...

प्लांट (सीएनडी) वेस्ट का वैज्ञानिक पद्धति से निस्तारण कराकर उसका 70 प्रतिशत रि-यूज कराया। सड़क पर कचरे को डालने से रोका गया। उस स्थान पर 402 सिलेक्टेड कूड़ा...

### इन बिंदुओं पर हुआ काम

- 2018 से 2024 तक स्वच्छता के सफर में नोएडा ने जनमानस में व्यवहार परिवर्तन लाने का प्रयास किया।

नगर लोनी संचारी के महा अभियान में पालिका के विभिन्न वार्डों में संचारी रोग अभियान को युद्ध स्तर पर किया जा रहा है






नगर लोनी संचारी के महा अभियान में पालिका के विभिन्न वार्डों में संचारी रोग अभियान को युद्ध स्तर पर किया जा रहा है



नगर लोनी को अपना बहुमूल्य सिटीजन फीडबैक देकर अपने शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 में नंबर 1 बनाये जाने में अपना योगदान दे,फीडबैक लिंक



# संपर्क करें

https://www.npploni.in

+91-7800411808

npp.loni@gmail.com